दिनांकः 17.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन–केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आयोग के पदेन सदस्य के रूप में शामिल।
- जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए झुंझुनू जिले के दो जवानों का आज किया जाएगा अंतिम संस्कार।
- प्रदेशभर में आज मुहर्रम पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को अकीदत के साथ किया जा है याद–शाम को निकाले जाएंगे ताजिये।
- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान प्रवासी पक्षियों से गुलज़ार।

........................

केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के साथ आयोग में पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जे.पी. नड्डा, एचडी कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, के. राममोहन नायडू, जुएल ओरांव, अन्नपूर्णा देवी, चिराग पासवान और राव इंद्रजीत सिंह शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष और सुमन बेरी उपाध्यक्ष हैं। वी के सारस्वत, प्रोफेसर रमेश चंद, डॉ वी के पॉल और आनंद विरमानी आयोग के पूर्णकालिक सदस्य हैं।

........................

केन्द्रीय बजट 2024–25 इस महीने की 23 तारीख को पेश किया जाएगा। बजट के दस्तावेज हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में केन्द्रीय बजट मोबाइल ऐप पर संसद में बजट भाषण समाप्त होने के बाद उपलब्ध होंगे। इससे पहले कल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में बजट के अंतिम चरण की प्रक्रिया परम्परागत हलवा सेरेमनी के साथ शुरू की। इस दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के सचिव सहित अन्य वरिष्ठ मौजूद रहे।

........................

निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की मेमोरी की जांच और सत्यापन के लिए अनेक विकल्पों वाली मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। इसमें उम्मीदवार किसी विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र से ईवीएम की जांच करने की मांग कर सकता है। उम्मीदवार की ओर से मतदान केन्द्र में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट से ईवीएम इकाइयों का मिश्रण और मिलान की मांग भी की जा सकती है।

........................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने ''चांदीपुरा'' वायरस आउटब्रेक के बारे में जानकारी दी है कि गुजरात में हिम्मतनगर के अस्पताल में भर्ती उदयपुर जिले के खैरवाडा ब्लॉक के बच्चे की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि गुजरात में इस चांदीपुरा वायरस के पाए जाने की सूचना मिलने के बाद 11 जुलाई से उदयपुर जिले से लगती गुजरात बॉर्डर और भर्ती रोगी के संबंधित क्षेत्र में निगरानी रखी जा रही है।

........................

जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में सेना और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड में वीरगति के प्राप्त हुए झुंझुनू जिले के दो जवानों की पार्थिव देह आज उनके पैतृक गांव पहुंचेगी। झुंझुनू जिले की बुहाना तहसील के सिपाही अजय सिंह और डूमोली कलां की खुबा ढाणी के बिजेन्द्र सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी सहित

जनप्रतिनिधि और आमलोग शामिल होंगे। इस खबर से क्षेत्र में शोक की लहर छाई हुई है। गौरतलब है कि मुठभेड़ में सेना के एक अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

.......................

करगिल विजय दिवस के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष में कल जयपुर मिलिट्री स्टेशन से 'राष्ट्रीय राइडर्स–आरआर' मोटरसाइकिल रैली शुरू हुई। मेजर जनरल आरएस गोदारा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य करगिल युद्ध के नायकों का सम्मान करना और भारतीय सेना के वीर सैनिकों के बलिदान तथा वीरता के लिए देशवासियों की कृतज्ञता व्यक्त करना है। रैली में राइडर्स के 14 समूह भाग ले रहे हैं। ये रैली 16 दिन में करीब चार हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

.......................

प्रदेशभर में आज मुहर्रम के मौके पर पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को अकीदत के साथ याद किया जा रहा है। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने कर्बला की लड़ाई में सत्य और न्याय के लिए कुर्बानी दी थी। मुहर्रम पर आज विभिन्न धार्मिक आयोजन और मजलिसें लगाई जाएंगी और शाम को ताजिये निकाले जाएंगे। इसके बाद इन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। राजधानी जयपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आर.ए.सी. की छह कम्पनियां लगाई गई हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। इससे पहले कल रात ताजियों को इमामबाड़ों से बाहर लाकर जियारत के लिए रखा गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मुहर्रम के मौके पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए साहस के साथ न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने सभी से शांति और समरसता के मार्ग पर चल कर आदर्श स्थापित करने पर जोर दिया है।

.......................

आज देवशयनी एकादशी है। आज से मांगलिक कार्य और विवाह चार महीने तक बंद रहेंगे। आज से ही चातुर्मास भी शुरू हो रहे हैं। इसी के साथ जैन संतों का वर्षावास भी आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। पाली के रत्नेश्वर महादेव मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिले के सोजत सिटी में फूल नारायण आश्रम में रुद्राभिषेक का आयोजन रखा गया है।

.......................

भरतपुर जिले के कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों मॉनसून सीजन के दौरान ब्रीडिंग के लिए प्रवासी पक्षियों के आने का सिलसिला जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में हुई अच्छी बरसात के कारण उद्यान के जलाशय भरे होने की वजह से इन पक्षियों को अनुकूल वातावरण मिल रहा है।

.......................

प्रदेश में कई स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी है। डूंगरपुर में रातभर रुक–रुक कर बरसात होती रही। आज भी वहां बादल छाए हुए हैं। बाड़मेर में देर रात से शुरू हुआ वर्षा का दौर सुबह तक चला। वहां मौसम खुशनुमा बना हुआ है। बालोतरा में भी सुबह से बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवा चल रही है। मौसम विभाग ने आज बाडमेर, जालौर, सिरोही, डूंगरपुर, उदयपुर, राजसमंद, जयपुर, दौसा, अजमेर और बांसवाडा जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

.......................

प्रदेश में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे "शुद्ध आहार, मिलावट पर वार" अभियान के तहत कल एक वाहन से आठ सौ किलो नकली पनीर जब्त कर नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि ये पनीर हरियाणा से राजस्थान लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि विराटनगर के पुलिस उपाधीक्षक और भाबरू थाना से सूचना मिलने पर इस वाहन को जब्त कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

.......................

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू कामकाज के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा।

.......................